हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 28 अगस्त 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी थाना व...



07 40 किलो दूषित मिल्क केक नष्ट कराया...



खबर संक्षेप

शांत सुधारस शास्त्र का श्रावक श्राविकाये प्रतिदिन कर रहे हैं श्रवण

मंदसौर। नई आबादी स्थित आराधना भवन जैन मंदिर हॉल में चातुर्मास अंतर्गत विविध धार्मिक गतिविधिया आयोजित हो रही है। आषाढ सुदी चतुर्दशी से लेकर सावन सुदी चतुर्दशी अर्थात 1 माह से यहां प्रतिदिन प्रातः 9 से 10 बजे तक नाकोड़ा तीर्थ के उद्धारक आचार्य श्री हिमाचलसूरीश्वरजी म.सा. के समुदाय शिष्य मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 यहां शांत सुधारस शास्त्र का वाचन कर रहे है तथा इसका भावार्थ भी कथन करा रहे है। शांत सुधारस हिन्दी, गुजराती सहित कई भारतीय भाषाओं में प्रकाशित उपाध्याय श्री विनय विजयजी म.सा. का शास्त्र है जिसमें उन्होंने 12 भावनाओं (अध्यायों) के माध्यम से मनुष्य के कषाय व उपशम करने के उपाय बताये है। प्रतिदिन यहां इस शास्त्र को श्रवण करने के लिये बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाये पहुंच रहे है। कल गुरुवार को उन्होंने धर्मसभा में शास्त्र श्रवण कराते हुये कहा कि मानव इस संसार में अकेला आया है अकेला ही जायेगा तथा अपने द्वारा किये गये कर्म का फल भी उसे अकेले ही भुगतना पड़ेगा। जीवन में मनुष्य को सदैव पुण्यकर्म करने चाहिये ताकि उसे पुण्य फल का लाभ पुण्य फल के रूप में मिले। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाये उपस्थित थे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

12 घंटे में 6.5 इंच वर्षा, जनजीवन अस्त-व्यस्त


नलखेड़ा में हुई भारी बारिश के चलते सड़के हुईं जलमग्न

नगर में बुधवार सायं प्रारम्भ हुआ वर्षा का दौर बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात भी चलता रहा, इस दौरान भारी बारिश भी हुई जिससे कुछ वार्डो में जल भराव भी हुआ वही नगर की लगभग सभी सड़के जलमग्न रही। बुधवार सायं 4 बजे प्रारम्भ हुआ झमाझम वर्षा का दौर गुरुवार प्रातः तक जारी रहा। इस दौरान भारी बारिश भी हुई। लगभग 12 घंटे में 6.5 इंच वर्षा हो गई। भारी बारिश के चलते जहाँ सभी नाले उफान पर आ गए वही नगर में नालियों का पानी भी सड़क पर बहने लगा जिसके कारण सड़के जलमग्न हो गई। कई मोहल्लों में आधा से एक फिट पानी सड़को पर बहता रहा। वार्ड 04 में जल भराव की स्थिति बनने पर रात्रि में ही पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था की गई।


नगर के मध्य से बहने वाला नाला भी उफान पर आ गया था, वर्षो बाद वार्ड क्रमांक 06 में पुलिया को इसका जल स्तर छू रहा था वहीं मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर इसी नाले पर स्थित पुलिया पर रात्रि 7 बजे से ही पानी आ गया था जिसके कारण रात भर मंदिर मार्ग बाधित रहा। इस दौरान दर्शनार्थी वैकल्पिक मार्ग से मंदिर आ जा रहे थे। वर्षा का यह दौर गुरुवार प्रातः तक चलता रहा, उसके बाद नाले का जल स्तर कम हुआ। वर्षा थमने के बाद गुरुवार को दिनभर बादल छाए रहे लेकिन वर्षा नही हुई।

लखुंदर नदी का बढ़ा जलस्तर, लोग खतरे को नजर अंदाज कर लेते रहे सेल्फी

लगातार हुई भारी वर्षा के बाद लखुंदर नदी का जल स्तर भी बढ़ गया। गुरुवार को माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित घाट से स्टॉपडेम से गिरते पानी का नजारा देखने बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे जिनमे से कई दर्शनार्थी खतरे को नजरअंदाज कर तेज बहाव के पानी के पास पहुंचकर सेल्फी लेते रहे। गौरतलब है कि नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से नगर पंचायत व प्रशासन द्वारा घाट से नदी के मध्य बेरिकेटिंग की हुई है लेकिन विघ्नसंतोषियो द्वारा आये दिन बेरिकेट्स हटा दिए जाते है। जिसके चलते लोग नदी के किनारे तक पहुंच जाते है। प्रशासन को उक्त स्थल पर सुरक्षा हेतु कर्मचारी की ड्यूटी लगाना चाहिए ताकि कोई बड़ा हादसा न हो सके।







24 घंटे में हुई साढ़े छः इंच वर्षा

गुरुवार प्रातः 8 बजे समाप्त हुवे 24 घंटे में तहसील में 165 मिमी (6.49 इंच) वर्षा दर्ज की गई। जिसे मिलाकर कुल 916 मिमी (36.06 इंच) वर्षा हो चुकी है। गत वर्ष इसी समयावधि में 643 मिमी (25.31 इंच) वर्षा हुई थी। इस वर्ष अभी तक हुई वर्षा तहसील की औसत वर्षा से अधिक हो चुकी है।

त्यौहार की दिखाई दी रौनक

रक्षाबंधन पर्व को लेकर गुरुवार को लोगों ने जमकर की खरीदी





नलखेड़ा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर गुरुवार को बाजार ग्राहकों से गुलजार नजर आया। राखियां, साड़ियां, मिठाई नारियल आदि की जमकर बिक्री हुई। रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व गुरुवार को बाजार में खासी चहल पहल रही। शिवाजी चौराहे से पुराने नगर पंचायत कार्यालय तक सजी राखी की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इसी प्रकार किराना दुकानों पर नारियल व खोपरा गोला खरीदने वालों की भीड़ दिखाई दी। रक्षाबंधन पर बहिनों को उपहार में देने के लिए ग्रामीणजन बड़ी संख्या में साड़ियों की खरीददारी करते दिखाई दिए। इसके साथ ही छोटे बच्चों के रेडीमेड कपड़ो की दुकानों पर भी खासी भीड़ लगी रही। अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनका मुँह मीठा करवाने के लिए मिठाइयों की भी अच्छी बिक्री हुई। इसके लिए मिठाई विक्रेताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की मिठाईयां बनाकर सजा रखी थी। राखी पर्व को लेकर गुरुवार को बाजार में जो चहल पहल दिखाई दी वह पर्व की रौनक दर्शा रही थी साथ ही यह सिद्ध कर रही थी कि भारतीय संस्कृति की जड़े कितनी मजबूत है जहाँ हर दिन एक पर्व होता है और प्रत्येक पर्व हम भारतीय पूरी शिद्दत के साथ मनाते हैं।

छात्र-छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को मिठाई खिलाकर बांधी राखी



मंदसौर। रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में शहर के शिशुवन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मंदसौर पंहुच कर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना को मिठाई खिलाकर रक्षा सूत्र राखी बांधी। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएस बघेल एवं थाना प्रभारी वायडी नगर शिवांशु मालवीय को भी शिशुवन विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

बस स्टैंड पर भी यात्रियों की बढ़ी आवाजाही

शुभ मुहूर्त में मनाया जाएगा रक्षाबंधन का पर्व





कानड़। भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में मनाया जाएगा। पवित्र रिश्ते को समर्पित यह त्योहार भाई-बहन के लिए खास महत्व रखता है। सालभर भाई-बहन इस पर्व का बेसब्री से इंतजार करते हैं। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उसकी सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करती हैं, वहीं भाई बहन की रक्षा का वचन देता है।रक्षाबंधन पर्व को लेकर गुरुवार को नगर के बाजार में खासी रौनक देखने को मिली। राखी एवं अन्य सामग्री की खरीदारी के लिए बहनों की दुकानों पर भीड़ लगी रही। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने नगर के बाजार पहुंचे। राखी, नारियल और मिठाई की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही।इस बार बाजार में बच्चों को आकर्षित करने वाली रंग-बिरंगी राखियों की भी खूब मांग रही। छोटा भीम, कृष्ण सहित विभिन्न कार्टून पात्रों वाली राखियों के साथ रुद्राक्ष एवं आकर्षक डिजाइन की राखियां भी दुकानों पर नजर आईं। बच्चों के लिए घड़ी, खिलौने, कार और कार्टून डिजाइन वाली राखियां भी उपलब्ध हैं।वहीं रक्षाबंधन को लेकर नारियल, मिठाई और कपड़ों की बिक्री में भी तेजी आई है। पर्व की खरीदारी के चलते बाजार में रौनक बढ़ गई है। इधर, रक्षाबंधन पर अपने भाई-बहनों से मिलने के लिए आने-जाने वाले यात्रियों के कारण बस स्टैंड पर भी भीड़ दिखाई दी। शुक्रवार को पर्व को लेकर बाजार में और अधिक चहल-पहल रहने की संभावना है।

ग्रहण का सूतक काल भारत में मान्य नहीं

रक्षाबंधन पर चंद्र ग्रहण का भारत में कोई प्रभाव नहीं, बहनें खुशी-खुशी बांधें राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर लगने वाले चंद्र ग्रहण को लेकर लोगों के मन में उठ रहे सवालों और शंकाओं का समाधान करते हुए, क्रांतिकारी राष्ट्र संत आचार्य डॉ. संजय मुनि ने स्पष्ट किया है कि भारत में इस चंद्र ग्रहण का कोई भी प्रभाव या सूतक मान्य नहीं होगा। आचार्य श्री ने लोगों को भ्रांतियों से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का सबसे बड़ा त्योहार है। इस वर्ष रक्षाबंधन के दिन चंद्र ग्रहण का संयोग अवश्य बन रहा है, परंतु इस ग्रहण का असर भारत में बिल्कुल नहीं है। इसका प्रभाव और सूतक काल भारत में मान्य नहीं होगा।

भारत में कोई सूतक नहीं खुशी से मनाएं त्योहार

गुरुजी ने स्पष्ट करते हुए कहाकि कुछ लोगों द्वारा यह पूछा जा रहा था कि क्या रक्षाबंधन के दिन चंद्र ग्रहण होने से राखी बांधने में कोई विघ्न या बाधा आएगी? मैं स्पष्ट कर दूं कि यह चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, इसलिए यहां इसका कोई सूतक नहीं लगेगा। भाई-बहन बिना किसी डर और शंका के, पूरे उत्साह और प्रेम के साथ रक्षाबंधन का यह पावन पर्व मना सकते हैं।

राखी बांधने का सबसे शुभ मुहूर्त

आचार्य श्री ने राखी बांधने के शुभ समय का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन के दिन सुबह



का समय राखी बांधने के लिए बहुत ही शुभ और मंगलकारी है। बहनें अपने भाइयों को सुबह 5 बजकर 52 मिनट से लेकर सुबह 9 बजकर 48 मिनट के बीच राखी बांध सकती हैं। यह समय अत्यंत शुभ है। इसके बाद लोग अपने-अपने क्षेत्र का पंचांग और चौघड़िया देखकर भी राखी बांध सकते हैं।

अटूट प्रेम और रक्षा का संकल्प

आचार्य श्री ने रक्षाबंधन के इस पवित्र अवसर पर समस्त देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार केवल एक धागा बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अटूट प्रेम, विश्वास और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। गुरुजी ने कहा, यह धागा जन्मों-जन्मों के बंधन को और मजबूत करता है। आइए इस अवसर पर हम सभी नारी शक्ति के सम्मान और जीव-मात्र की रक्षा का संकल्प लें।

मालवा महासंघ और नवरत्न परिवार के बैनर तले होगा आयोजन

देशभर के 2000 जैन मंदिरों में एक साथ होगा शुद्धिकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पर्यूषण महापर्व के स्वागत से पहले जैन समाज द्वारा देशभर में जिनालय शुद्धिकरण एवं स्वच्छता का अनूठा अभियान चलाया जाएगा। आगामी 30 अगस्त रविवार को देश के विभिन्न राज्यों में स्थित करीब 2000 जैन मंदिरों में एक साथ शुद्धिकरण एवं स्वच्छता कार्य किया जाएगा। नगर के जैन मंदिर में भी जिनालय शुद्धिकरण अभियान जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार के संयुक्त बैनर तले आयोजित होगा। परम पूज्य आचार्य देवेश एवं जन-जन की आस्था के केंद्र नवरत्नसागर महाराज की प्रेरणा तथा उनके कृपा पात्र शिष्य पूज्य आचार्य युवा सम्राट विश्वरत्नसागर महाराज साहब की छत्रछाया में यह अभियान वर्ष 2011 से लगातार जारी है और इस वर्ष अपने 16वें वर्ष में प्रवेश कर लगातार विस्तार पा रहा है।



प्रारंभ में मध्यप्रदेश के करीब 200 जैन मंदिरों से शुरू हुआ यह अभियान अब राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के करीब 2000 जिनालयों तक पहुंच चुका है। अभियान के दौरान मंदिरों में प्रतिष्ठित पाषाण एवं धातु की प्रतिमाओं का विभिन्न औषधियों से विलेपन कर वर्षभर में जमी अशुद्धियों को दूर किया जाएगा तथा विधिवत नवजीवन कराया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के शिखर से लेकर फर्श तक और उपाश्रय की साफ-सफाई भी की जाएगी। अभियान के लिए प्रत्येक मंदिर में विशेष शुद्धिकरण किट तैयार की जाती है। इसमें आवश्यक औषधियां एवं अन्य सामग्री रखी जाती है। इन किटों को तैयार करने में करीब एक से दो माह का समय लगता है, जिसके बाद इन्हें संबंधित जिनालयों तक पहुंचाया जाता है। नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय महासचिव यशवंत सांखला ने बताया कि पर्युषण महापर्व के पूर्व जिनालय शुद्धिकरण की यह परंपरा दीपावली से पहले घर-आंगन की सफाई की तरह ही धार्मिक भावना से जुड़ी हुई है। पूज्य गुरुदेव विश्वरत्नसागर सूरी महाराजा के मंगलमय आशीर्वाद एवं प्रेरणा से अभियान की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मालवा महासंघ के अध्यक्ष दिलसुखराज कटारिया, कार्यकारी अध्यक्ष संतोष मेहता, नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण जैन फुलेरा, प्रदेश, मीडिया प्रभारी प्रवीण जैन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। इस वर्ष भी नवरत्न परिवार एवं मालवा महासंघ के कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे। 30 अगस्त को देशभर के करीब 2000 जिनालयों में एक साथ होने वाला यह अभियान स्वच्छता के साथ श्रद्धा, समर्पण और धार्मिक परंपरा का संदेश देगा। नवरत्न परिवार नलखेड़ा के राहुल कांठेड़ तथा महिदपुर रोड जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने बताया कि 30 अगस्त को स्थानीय जैन मंदिर में जिनालय शुद्धिकरण का यहा अभियान संपन्न होगा।

जगह-जगह हुआ जुलूस का स्वागत

मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम लेकर निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

बुधवार को मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलादुन्नबी का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही नगर के बाजारों में चहल-पहल दिखाई दी। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले गए जुलूस के स्वागत के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए, जहां पुष्पहारों एवं मिठाइयों से जुलूस में शामिल समाजजनों का स्वागत किया गया।ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सारंगपुर रोड स्थित लतीफ कॉलोनी से प्रारंभ हुआ। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ सदर बाजार, पीपल चौक, मनिहार



मोहल्ला होते हुए ओलिया मस्जिद पहुंचा। इसके बाद जुलूस निर्धारित मार्ग से होते हुए वापस ख्वाजा की दरगाह पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ।जुलूस का एलएस चौराहे पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सिद्धनाथ चौधरी एवं पार्षद कैलाश नारायण परिहार ने स्वागत किया। वहीं आर्य समाज मंदिर के सामने पार्षद दरबारसिंह आर्य, मोहनलाल आर्य, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर, शिवसिंह गायरी, गौरीशंकर सूर्यवंशी एवं सत्यनारायण मालवीय सहित अन्य लोगों ने शहर काजी सरफराज अली, मोहसिन शीशगर, आबिद मंसूरी, शानू शीशगर, आजम मंसूरी, रजाक अजमेरी एवं सोनू खान सहित समाजजनों का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।गोंदी चौराहे पर पार्षद कालूसिंह बीजापारी, पार्षद ओमप्रकाश पालीवाल, अनोखीलाल मंत्री, नितिन पालीवाल, रमेश सूर्यवंशी सहित अन्य लोगों ने जुलूस में शामिल समाजजनों का स्वागत किया। इसके अलावा नगर में कई स्थानों पर मुस्लिम समाजजनों द्वारा स्वागत मंच लगाए गए, जहां जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत कर मिठाइयां वितरित की गईं।ईद मिलादुन्नबी के दौरान नगर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।

सच्ची श्रद्धा से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं: डॉ अमृतरसा





नलखेड़ा । जीवन में परमात्मा एवं धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। जहां चाह होती है, वहां राह होती है। परमात्मा की कृपा से इंन पॉसिबल भी आई एम पॉसिबल हो जाता है। श्री राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर महिदपुर रोड में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा ने गुरुवार को उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए यहां बात कही। साध्वी जी ने कहा कि जिस प्रकार बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के बाद ही उसमें बीज बोया जा सकता है। इसी प्रकार हमारे अंदर भी चार प्रकार के कषाय क्रोध,मान, माया, लोभ का त्याग कर ही सच्ची श्रद्धा आस्था विश्वास के साथ हमारे जीवन को उपजाऊ बनाकर जीवन का उद्धार कर सकते हैं। क्योंकि जब तक हमें परमात्मा के प्रति सच्ची श्रद्धा नहीं आएगी तब तक हमारा आत्म कल्याण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कहा है कि श्रद्धा साची आवे भव तीजे मोक्ष सीधावे अर्थात परमात्मा की प्रति सच्ची श्रद्धा से तीसरे भव में आप मोक्ष मार्ग की अग्रसर हो सकते हो। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि साधार्मिक भक्ति प्रभावना का लाभ राहुल कुमार पारसमल बोथरा परिवार एवं गुरुवार की धार्मिक भक्ति प्रभावना का लाभ राजेंद्र कुमार मनोहर लाल डूंगरवाल परिवार द्वारा लिया गया संपूर्ण मंगलमयआयोजन में सकल जैन श्री संघ, क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बौस ने

मस्कट (ओमान) में गूंजा हास्य और कविता का रंग

मंदसौर। भारतीय हास्य एवं कविता की शानदार प्रस्तुति से ओमान की राजधानी मस्कट में आयोजित प्रतिष्ठित ह्यहास्य मेव जयतेह्न का 30वां संस्करण यादगार बन गया। भारतीय सोशल क्लब ओमान के हिंदी विंग एवं ऋढळ ऋ१ङ्क४स्र के सहयोग से आयोजित इस विशेष काव्य संध्या में भारत के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में भारत से आमंत्रित कवि मुन्ना बैटरी ने भी अपनी हास्य कविताओं एवं चुटीले अंदाज से शानदार काव्यपाठ किया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और कार्यक्रम का माहौल हास्य एवं ठहाकों से गूंज उठा कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध गीतकार श्री दिनेश रघुवंशी जी ने किया ओमान में भारतीय संस्कृति, हिंदी भाषा और हास्य कविता के इस भव्य आयोजन में कवि मुन्ना बैटरी की प्रस्तुति को श्रोताओं ने विशेष रूप से सराहा। यह आयोजन 21 अगस्त 2026 को मस्कट स्थित शेरेटन होटल के ओमान बॉलरूम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भारत के गणमान्य अतिथि एवं ओमान में भारत के प्रथम सचिव और चांसरी प्रमुख श्री प्रदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

पुलिस, न्यायाधीश, अधिवक्ता व डॉक्टरों को बांधा रक्षासूत्र



देवास। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल की बालिकाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भाई-बहन के स्नेह और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस दौरान बालिकाओं ने बीएनपी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी प्रीति कटारिया, जिला एवं सत्र न्यायालय में न्यायाधीश लता वानखेड़े, बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्यवंशी तथा डॉ. शरद वीरपरा क्लीनिक में डॉक्टर शरद वीरपरा को राखी बांधी। इस अवसर पर बालिकाओं के साथ विद्यालय की अमीषा पटेल, अभिषेक लोधी, शाकिर खान एवं सुनील कुमार मालवीय उपस्थित रहे। रक्षाबंधन के इस आयोजन ने बालिकाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, सम्मान एवं भाईचारे की भावना को और मजबूत किया। विद्यालय के एजीएम आसी बाबू यदाला, बीडीएम माधवी पात्रों, प्राचार्या रवि प्रभा एवं डीन भरत चौहान सहित समस्त स्टाफ ने बालिकाओं को रक्षाबंधन पर्व की बधाई दीं। विद्यालय परिवार ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सामाजिक मूल्यों और आपसी सौहार्द से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गुमटी की आड़ में अवैध शराब का खेल, कार्रवाई

देवास। शहर के बिहारीगंज क्षेत्र में गुमटी की आड़ में अवैध शराब बेचने का मामला सामने आया है। बुधवार रात आबकारी विभाग की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो गुमटी संचालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद टीम ने गुमटी की तलाशी ली तो अलग-अलग जगहों पर पॉलिथीन अन्य जगह छिपाकर रखी गई शराब मिली। कुछ शराब फर्शियों पर भी पड़ी हुई थी, जिससे मौके पर ही अवैध बिक्री की स्थिति सामने आई।आबकारी टीम ने शराब जब्त करने के साथ गुमटी को भी जब्त कर लिया। आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव ने बताया कि गुमटी से शराब जब्त की गई है और गुमटी को भी जब्त किया गया है। संचालक के फरार होने के कारण अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर किया। कमलानगर कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर मुखबिर की सूचना पर टीम ने दोपहिया वाहन से 100 पाव मसाला देशी शराब, 100 पाव देशी प्लेन शराब और 48 केन बीयर जब्त की।

रक्षाबंधन पर देवास पुलिस अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था के लिए बढ़ाया भ्रमण

भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी थाना व चौकी प्रभारियों को पेट्रोलिंग के निर्देश

शबाजारों, प्रमुख मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी, सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास







रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सतत भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ भ्रमण कर रहे हैं। इस दौरान प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, धार्मिक स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।रक्षाबंधन पर्व के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग एवं क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार साझा करने हेतु भी निर्देशित किया गया है।देवास पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से मनाएं, यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। देवास पुलिस त्यौहार के दौरान आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

रंगदारी और मारपीट करने वाले तीन आरोपी दो घंटे में गिरफ्तार

चौथा आरोपी भी मामले में नामजद



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

यात्री बस चालक के साथ अड़ीबाजी, रंगदारी मांगने और मारपीट करने के मामले में चापड़ा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को महज दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद उप जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, फरियादी भारत पिता जगदीश सिसोदिया (42) निवासी ग्राम राघोगढ़ ने 25 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। भारत यादव बस पर चालक है और सवारी से भरी बस लेकर बनापुरा हरदा से इंदौर जा रहा था। इस दौरान ग्राम भमोरी बस स्टैंड, इंदौर-नेमावर रोड पर चार युवकों ने मोटरसाइकिल बस के सामने अड़ाकर उसे रोक लिया।आरोप है कि युवकों ने बस चालक को नीचे उतारकर गाली-गलौज की और खुद को अंबाझर क्षेत्र का दबंग बताते हुए रंगदारी के रूप में रुपए मांगे। चालक द्वारा रुपए देने से इनकार करने पर आरोपियों ने उसके साथ थप्पड़, मुक्के और लात-घूंसों से मारपीट की। बस में मौजूद हेल्पर विनोद राजपूत, दूसरे चालक राहुल जायसवाल और आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया। हेल्पर द्वारा डायल 112 पर सूचना देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।मामले की विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चौकी प्रभारी राकेश चौहान ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों को दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

जय श्री नगर में 5.50 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड, हुआ भूमिपूजन

देवास। नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 24 के जय श्री नगर में 5 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही सड़क की समस्या का समाधान होगा।बताया गया कि देवास विधायक गायत्री राजे पवार एवं महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के प्रयासों से क्षेत्रवासियों को इस विकास कार्य की सौगात मिली है। निगम लोक निर्माण विभाग समिति अध्यक्ष गणेश पटेल ने वार्ड पार्षद रितु सवनेर के साथ विधिवत पूजन कर सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री भरत व्यास, नवीन सिंह सोलंकी, नयन मित्तल, पांडेय जी, राजेंद्र व्यास, नरेंद्र पटेल, श्रीमती चौधरी, गोपाल पटेल, राहुल व्यास सहित क्षेत्र के नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। सीसी रोड बनने से जय श्री नगर के रहवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।



निगम द्वारा वार्डों में की जा रही निरंतर सफाई

देवास। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम द्वारा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने के लिए वार्डो एवं व्यवसायिक क्षेत्रों मे झाड़ु लगाने के साथ नाली सफाई तो प्रतिदिन हो ही रही है। किन्तु विशेष रूप से टीम द्वारा मीठा तालाब तथा मंडुक पुष्कर तालाब को भी स्वच्छ रखने के लिए वहां से कचरा हटाया गया। वहीं टीम ने ईद मिदुन्नबी के जुलुस के पश्चात ही निगम की टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया जाकर जुलुस मार्गो से फूल, पत्तीयां एवं अन्य अनुययोगी कचरा भी हटाया गया। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने रहवासियों से अपील की है।

अभाविप का विद्यार्थी हुंकार, छात्रों ने कलेक्ट्रेट घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेशव्यापी 'विद्यार्थी हुंकार अभियान' के तहत देवास में प्रदर्शन किया। अभियान के अंतर्गत सैकड़ों विद्यार्थी, अभाविप कार्यकर्ता मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और उच्च शिक्षा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शासकीय महाविद्यालयों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। अभाविप ने आरोप लगाया कि प्रदेश के अनेक शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को आज भी स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालय, व्यवस्थित कक्षाएं, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली एवं प्रकाश व्यवस्था, खेल सुविधाएं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाएं, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने कहा कि बेहतर शैक्षणिक वातावरण के लिए इन समस्याओं का तत्काल समाधान आवश्यक है। ज्ञापन में अभाविप ने मांग की कि प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का तत्काल सर्वे कराया जाए। सर्वे के आधार पर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू किया जाए तथा जिन कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है, उनके लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक बजट उपलब्ध कराया जाए। अभाविप देवास जिला संयोजक अंकुर सिंह जादौन ने कहा कि 'विद्यार्थी हुंकार अभियान' की शुरुआत इस प्रदर्शन के साथ हुई है। आने वाले समय में विभिन्न रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक माध्यमों से विद्यार्थियों की मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

अमलतास विश्वविद्यालय में हुआ खेलो इंडिया संवाद, प्रधानमंत्री ने युवाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिवस ''राष्ट्रीय खेल दिवस'' के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद- खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ' कार्यक्रम का आयोजन अमलतास विश्वविद्यालय देवास में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के युवाओं, खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। राष्ट्रव्यापी इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को भारत की खेल यात्रा, फिटनेस, युवा नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवास शाजापुर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अमलतास संस्थान देवास के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी सागर वाधवानी, सहित अमलतास विश्व विद्यालय के प्रो चांसलर डॉ. सलिल भार्गव , कुलपति डॉ. आर.के सिंह. डीन डॉ. ए.के. पीठवा, निदेशक डॉ. प्रशांत , मार्केटिंग डायरेक्टर अश्विन तंवर सभी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं युवा छात्र की पूरी टीम उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं से खेल, फिटनेस, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर संवाद किया। कार्यक्रम में लगभग 400 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सांसद सोलंकी ने भी उपस्थित युवाओं से संवाद किया तथा खेलों एवं युवा शक्ति के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



चापडा। नगर में गुरुवार सुबह एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका पंचनामा बनाया। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर निवासी देवेंद्र सिंह पिता बलवान सिंह सेंधव 23 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते बागली रोड पर स्थित अपने मकान में पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक रविंद्र कटारा, आरक्षक बलराम परमार मौके पर पहुंचे और मौका पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए बागली भेजा गया। पीएम होने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। चौकी प्रभारी राकेश चौहान ने बताया कि प्रथम दृष्टि में आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। जानकारी के अनुसार कुछ माह पहले ही मृतक देवेंद्र की शादी हुई थी।

श्याम प्रेमी ने 8 दिनों तक की दंडवत यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



सोनकच्छ के श्याम प्रेमी जितेंद्र सोनी ने आस्था और भक्ति की अनूठी मिसाल पेश करते हुए लगातार आठ दिनों तक दंडवत यात्रा की। सोनकच्छ से 19 अगस्त को शुरू हुई उनकी यात्रा बुधवार शाम करीब 5 बजे नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम धाम पहुंचकर पूर्ण हुई।आठ दिनों की कठिन दंडवत यात्रा के बाद जैसे ही जितेंद्र सोनी बाबा श्याम के दरबार पहुंचे और उनके दर्शन किए, वे भावुक हो उठे। बाबा के दर्शन करते ही उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े और वे फूट-फूटकर रोने लगे। सोनी सोनकच्छ निवासी हैं और साइकिल विक्रय का व्यवसाय करते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार और व्यवसाय सहित सब कुछ बाबा श्याम की कृपा पर है। मन में दंडवत यात्रा करने का संकल्प लिया था, जिसे बाबा की कृपा से पूरा किया। उन्होंने बताया कि आठ दिनों की इस यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार की विशेष परेशानी या तकलीफ महसूस नहीं हुई।नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम धाम पहुंचने पर खाटू श्याम सेवा समिति के पदाधिकारियों और श्याम प्रेमियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया ईद-मिलाद-उन-नबी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश के मौके पर बुधवार को बागली नगर में बारहवीं-उल-अव्वल यानी ईद-मिलाद-उन-नबी का पर्व पूरी अकीदत, शान और उत्साह के साथ मनाया गया। नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी बागली के तत्वावधान में सुबह 9:00 बजे स्थानीय मस्जिद के पास से एक भव्य और पारंपरिक जुलूस निकाला गया, जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ गुजरा। इस दौरान आलिम साहब अब्दुल वाहिद नूरी, हाजी पीर मोहम्मद, सदर हारून, फिरोज खान, रईस ठेकेदार और शकील पठान विशेष रूप से मौजूद रहे। जुलूस में शामिल लोग पैगंबर साहब की शान में नात-ए-पाक पढ़ते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण रूहानी और खुशनुमा हो गया था। जुलूस के दौरान मुख्य बाजार में मोहम्मद बादशाह और अयूब चौहान समेत कई अन्य स्थानीय नागरिकों ने भी खड़े होकर जुलूस का स्वागत किया।

बारिश में भी नहीं थमा शिवभक्तों का उत्साह

भगवान कर्णेश्वर की निकली भव्य राजसी सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



श्रावण मास के अंतिम सोमवार को प्राचीन कर्णेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव की भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। नगर सहित राघोगढ़, अकबरपुर, डबलचौकी, बरखेड़ा सोमा और देहरियासाहू सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कांवड़िये भगवान कर्णेश्वर महादेव के दर्शन व जलाभिषेक के लिए पहुंचे।शाम को परंपरानुसार संध्या आरती के बाद भगवान कर्णेश्वर महादेव की भव्य राजसी सवारी निकाली गई। भगवान को मोतियों की माला से सजाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया।

डमरू, त्रिशूल और ॐ से सुसज्जित मंदिरनुमा रथ में विराजमान भगवान कर्णेश्वर नगर भ्रमण पर निकले। फूलों से सजी आकर्षक झांकी और भगवान की मनमोहक छवि ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।शाम को परंपरानुसार संध्या आरती के बाद भगवान कर्णेश्वर महादेव की भव्य राजसी सवारी निकाली गई। भगवान को मोतियों की माला से सजाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। डमरू, त्रिशूल और ॐ से सुसज्जित मंदिरनुमा रथ में विराजमान भगवान कर्णेश्वर नगर भ्रमण पर निकले। फूलों से सजी आकर्षक झांकी और भगवान की मनमोहक छवि ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।सवारी शुरू होते ही बारिश भी शुरू हो गई, जिसे श्रद्धालुओं ने भगवान इंद्रदेव का स्वागत माना। रिमझिम बारिश के बावजूद सैकड़ों शिवभक्त पूरे उत्साह के साथ भीगते हुए चल समारोह में शामिल रहे। इस दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव और जय कर्णेश्वर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।मंदिर परिसर से शुरू हुआ चल समारोह कर्णेश्वर कोल्ड स्टोरेज परिसर पहुंचा, जहां से आकर्षक झांकियों का क्रम शुरू हुआ।

सबसे आगे ढोल और डीजे की धुन पर युवाओं की टोली झूमती नजर आई। इसके पीछे शिव-पार्वती की नृत्य करती चलित झांकी और कालका के रूप में प्रस्तुत सांस्कृतिक झांकियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।परंपरा के अनुसार राम मंदिर चौराहे पर पं. अंतिम उपाध्याय द्वारा भगवान की सौलह श्रृंगार आरती की गई, जबकि अंबिका मंदिर में पं. पवन नागर ने आरती संपन्न कराई। चल समारोह के दौरान पुलिस चौकी प्रभारी चिंतामण चौहान अपनी टीम के साथ सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद रहे।

पेंशनर संघ की एक दिवसीय पर्यटन और धार्मिक स्थल दर्शन यात्रा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



पेंशनर संघ सोनकच्छ के एक दल ने संघ अध्यक्ष प्रमोद कुमार भावसार के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों की एक दिवसीय यात्रा की। यात्रा का उद्देश्य वरिष्ठजनों को साथ लेकर भ्रमण, मनोरंजन, आपसी मेलजोल के साथ मानसिक शांति एवं आनंद प्राप्त करना तथा ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के बारे में जानकारी हासिल करना रहा। यात्रा के दौरान दल के सदस्यों ने धार स्थित भोजशाला, धारेश्वर महादेव, नित्यानंद आश्रम, कालका माता मंदिर, गंगा महादेव वॉटरफॉल, अमका-झमका माताजी मंदिर अमझेरा तथा मोहनखेड़ा सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। दल में परामर्शदाता कृष्णकांत दुबे, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम जोशी, सचिव शंकरलाल शर्मा, सतीशचंद्र तिवारी तथा सदस्य सुभाषचंद्र जैन, बाबूलाल सांवलिया, मुरलीधर झाला, शंकरसिंह तोमर, विष्णुकांत सोलपंखी, दीपक शर्मा, अनिल तिवारी एवं तरुण कुमार जोशी शामिल रहे। यात्रा के दौरान धार निवासी पेंशनर कैलाशचंद्र चौबे का विशेष एवं प्रशंसनीय सहयोग मिला। पेंशनर संघ ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

सुकुवां-ढुकुवां बांध के पास हादसा, कानपुर से बुलाई एनडीआरएफ टीम

बेतवा के तेज बहाव में बहा ट्रक चालक 18 घंटे बाद भी नहीं मिल सका सुराग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सुकुवां-ढुकुवां बांध के पास दोपहर बेतवा नदी में नहाते समय एक 19 वर्षीय युवक तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया। हादसे के करीब 18 घंटे बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। पानी का बहाव बेहद तेज होने के कारण स्थानीय स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में कठिनाई आने के बाद पुलिस-प्रशासन ने कानपुर से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को बुलाया है। युवक के लापता होने के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि बिरधा गांव निवासी सुखदेव पुत्र किसान बुधवार दोपहर अपने दोस्तों के साथ सुकुंवां-ढुकुवां बांध क्षेत्र में पिकनिक मनाने गया था। इसी दौरान वह बांध के गेटों से गिर रहे पानी के नीचे बेतवा नदी में नहाने लगा। अचानक नदी का बहाव तेज हो गया और सुखदेव पानी की तेज धारा की चपेट में आकर बह गया। हादसे के समय उसके साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन नदी के खतरनाक बहाव के कारण कोई भी पानी में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा सका।

युवक के बहने की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी नदी किनारे पहुंचे। उन्होंने तत्काल बचाव के लिए रस्सी मंगाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के चलते रेस्क्यू करना बेहद जोखिमपूर्ण बना रहा। इस दौरान घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें युवक को तेज बहाव में बहते हुए देखा जा रहा है। क्षेत्र में लगातार बारिश तथा राजघाट और माताटीला बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बेतवा नदी का जलस्तर और बहाव काफी तेज बना हुआ है। ऐसे में स्थानीय गोताखोरों के लिए भी नदी में उतरकर तलाश करना मुश्किल हो गया।

परिजनों ने पानी का बहाव कम करने के लिए माताटीला बांध के गेट बंद करने की मांग की, लेकिन लगातार पानी की आवक और जलस्तर को देखते हुए ऐसा करना संभव नहीं हो पा रहा है। थाना पूराकलां के प्रभारी निरीक्षक अजमेर सिंह भदौरिया के अनुसार, लापता युवक की तलाश के लिए कानपुर से एनडीआरएफ की विशेष टीम को बुलाया गया है। टीम के पहुंचने के बाद नदी में सघन सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक की तलाश की जाएगी। पुलिस और प्रशासन की टीमें भी मौके पर निगरानी बनाए हुए हैं। सुखदेव ट्रक चालक है और तीन भाइयों में सबसे छोटा बताया गया है। उसके पिता किसान हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन लगातार नदी किनारे पहुंचकर अपने लापता बेटे के सुरक्षित मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं। प्रशासन की ओर से एनडीआरएफ टीम के माध्यम से जल्द से जल्द युवक की तलाश पूरी करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया

ललितपुर। जिले में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर हो रही तेज बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। लगातार बारिश के चलते कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है, जबकि नदी-नाले उफान पर हैं। मौसम में अचानक बदलाव से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बारिश के मद्देनजर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार ने गुरुवार को कक्षा एक से आठ तक संचालित सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया। लगातार बारिश के कारण कस्बा बार में बुधवार शाम एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। मकान मालिक शिवाकांत सेन के अनुसार, बारिश से बचाव के लिए मकान पर पहले से पन्नी डाली गई थी, लेकिन लगातार मूसलाधार बारिश के कारण पन्नी भी ज्यादा देर तक सुरक्षा नहीं दे सकी। देखते ही देखते मकान ढह गया और उसमें रखा घर-गृहस्थी का सामान मलबे में दब गया। मकान गिरने से परिवार को काफी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई व्यक्ति मलबे की चपेट में नहीं आया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने में मदद की। बारिश के चलते जिले के नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निचले इलाकों और रास्तों पर पानी भरने से आवागमन भी प्रभावित हुआ है। लगातार बारिश को देखते हुए लोगों को नदी-नालों और जलभराव वाले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। लगातार बारिश का असर तापमान पर भी पड़ा है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में आए बदलाव और बारिश के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का दौर इसी तरह जारी रहा तो खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। बारिश से जहां आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को फसलों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है।

बेतवा नदी उफान पर, माताटीला बांध के 15 गेट खोलकर छोड़ा 38 हजार क्यूसेक पानी

ललितपुर। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही बारिश के चलते बेतवा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। लगातार बारिश और राजघाट बांध से पानी छोड़े जाने के बाद माताटीला बांध का जलस्तर भी बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने माताटीला बांध के 15 गेट खोलकर करीब 38 हजार क्यूसेक पानी बेतवा नदी में छोड़ा है। माताटीला बांध में लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सिंचाई निर्माण खंड के अधिकारियों ने पानी की निकासी शुरू की। बांध के 15 गेट खोले जाने के बाद बड़ी मात्रा में पानी बेतवा नदी में पहुंच रहा है। इससे नदी का जलस्तर और बढ़ गया है तथा आसपास के क्षेत्रों में भी प्रशासन की निगरानी बढ़ गई है। बताया गया है कि सुकुमा-ढुकुमा बांध से भी लातार पानी बेतवा नदी में छोड़ा जा रहा है। वहीं राजघाट बांध से छोड़े गए पानी का असर भी माताटीला बांध के जलस्तर पर पड़ा है। कई जलाशयों से एक साथ पानी की निकासी होने के कारण बेतवा नदी के जलस्तर में आगामी घंटों में और बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। बेतवा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी बांधों के जलस्तर और पानी की निकासी पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। लोगों से नदी, नालों और जलभराव वाले स्थानों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

खेलो इंडिया संवाद में युवाओं ने सुनी बात

प्रधानमंत्री ने युवाओं को खेल भावना, अनुशासन, फिटनेस और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रव्यापी खेलो इंडिया संवाद, खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन नेहरू महाविद्यालय, में उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नेमवि प्रबंधक प्रदीप चौबे एवं प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, युवा प्रतिभागियों एवं खिलाड़ियों ने सहभागिता की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ने, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को खेल भावना, अनुशासन, फिटनेस और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नेमवि प्रबंधक प्रदीप चैबे ने कहा कि युवाओं ने खेलों के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपलब्धियों, उभरती खेल प्रतिभाओं तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को लेकर विशेष रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया संवाद जैसे कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने, लक्ष्य निर्धारित करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने का अवसर प्रदान करते हैं। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को प्रेरणादायी बताते हुए खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का प्रभावी साधन हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को खेलों से जोड़कर भारत को विश्व की अग्रणी खेल शक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं एवं विद्यार्थियों ने स्वस्थ, अनुशासित, सशक्त एवं नशामुक्त समाज के निर्माण तथा विकसित भारत के संकल्प में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी, समाजसेवी राघवेंद्र सिंह ने अपने छात्र जीवन और संघर्षों को याद करते हुए स्वयं को महाविद्यालय का ऑर्गेनिक प्रोडक्टह बताया। उन्होंने उड़नपरी पी.टी. उषा के साथ खेलों में सहभागिता के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि जब भारत का युवा मैदान में उतरता है, तो वह केवल खेल ही नहीं, बल्कि देश का भविष्य भी बदलता है।

नोडल अधिकारी डॉ. ओ.पी. चौधरी ने बताया कि देशभर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, खिलाड़ियों और शिक्षण संस्थानों को एक साझा मंच से जोड़ना था। कार्यक्रम में देशभर के 1,500 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ा गया। जिससे लगभग 10 लाख खिलाड़ी, ओलंपियन और प्रमुख हस्तियां जुड़ीं। छात्रा श्रद्धा दुबे ने कक्षा से परे कौशल विषय पर विचार रखते हुए कहा कि तकनीकी युग में डिग्री के साथ कौशल और निरंतर अभ्यास ही आत्मविश्वास को बढ़ाता है। सिद्धि चैरसिया ने कहा कि आज का युवा केवल स्वयंसेवक नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का संवाहक बनना चाहता है। छात्रा प्रिंसी दुबे ने सशक्त भारत पर कहा कि देश की असली शक्ति उसका युवा है, जो राष्ट्र की तस्वीर बदलने की क्षमता रखता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी हिमांशधर द्विवेदी, डॉ. विनीत अग्निहोत्री, मनीष वर्मा, डॉ. रोहित वर्मा, रामवि के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीतेश खरे, नरेन्द्र सिंह बुन्देला, प्रो. आशा साहू, प्रो. अनिल सूर्यवंशी, डॉ. अनीता, डॉ. सुधाकर उपाध्याय, डॉ. रामकुमार रिछारिया, डॉ. ओ.पी. चौधरी, डॉ. अमित सोनी, डॉ. दीपक पाठक, डॉ. प्रीति सिरौटिया, डॉ. राजीव निरंजन, डॉ. रिचाराज सक्सेना, कविता पैजवार, डॉ. रजनी चौबे, डॉ. जितेन्द्र राजपूत, डॉ. काजोल तिवारी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौहान, डॉ.अनूप दीक्षित, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, राहुल पस्तोर, डॉ. हरीश चंद्र दीक्षित, डॉ. अरिमर्दन सिंह, डॉ. अवनीश त्रिपाठी, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्रा, डॉ. जगत कौशिक, डॉ. बलराम द्विवेदी, डॉ.संतोष सिंह, डॉ. गीरेन्द्र सिंह, इं.विपिन शुक्ला. इं. सौरभ श्रीवास्तव, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, अंकित चौबे आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. ओ.पी.चौधरी ने रासेयो कार्यक्रम अधिकारी हिमांश धर द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया।

राजकीय बाल और संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया

समिति ने स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान समेत व्यवस्थाओं का लिया जायजा



ललितपुर । अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति एवं विशेष समिति ने गुरुवार को राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा और राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) नेहरूनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थाओं में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ बच्चों और किशोरों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। दोनों संस्थाओं की व्यवस्थाएं सामान्य तौर पर दुरुस्त पाई गईं। सबसे पहले समिति ने राजकीय बाल गृह (बालक) दैलवारा का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी कर्मचारी अपनी निर्धारित ड्यूटी के अनुसार तैनात मिले। संस्था में वर्तमान में 15 बच्चे निवासरत पाए गए। समिति सदस्यों ने बच्चों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान और संस्था में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने व्यवस्थाओं को ठीक बताया। निरीक्षण के दौरान मनोरंजन कक्ष, शिक्षण कक्ष, शौचालय, स्नान गृह और रसोई कक्ष का भी जायजा लिया गया। बच्चों के पीने के पानी के लिए संस्था में आरओ और वाटर कूलर की व्यवस्था मिली। समिति ने संस्था की अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया, जो दुरुस्त पाई गईं। इसके बाद समिति ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), नेहरूनगर का निरीक्षण किया। यहां कुल 41 किशोर निरुद्ध पाए गए। समिति ने किशोरों के शयन कक्ष, शौचालय, स्नान गृह, रसोई सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

किशोरों से संस्था में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गई। सभी किशोरों ने व्यवस्थाओं को ठीक बताया। निरीक्षण समिति अध्यक्ष एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार ने दोनों संस्थाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, मनोचिकित्सक डा. ऋषभ प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.रामनरेश सोनी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार, सदस्य प्रताप नारायण गोस्वामी, रवि नारायण चौबे एवं अर्चना सक्सेना, बाल कल्याण समिति के पूर्व सदस्य अजय बरया, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य सुधीर कुमार त्रिपाठी एवं श्वेता कुमारी समेत दोनों संस्थाओं के संस्थाध्यक्ष उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन पर खाद्य विभाग ने की छापेमारी

40 किलो दूषित मिल्क केक नष्ट कराया, खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

ललितपुर । रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने गुरुवार को शहर में छापामार कार्रवाई की।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल के नेतृत्व में टीम ने प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान करीब 40 किलोग्राम दूषित मिल्क केक नष्ट कराया गया, जबकि कई खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर पालिका क्षेत्र स्थित कॉफी हाउस, प्रो. विजय कुमार जैन के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पर्याप्त साफ-सफाई नहीं पाई गई। टीम को री-यूज्ड एडिबल ऑयल का प्रयोग होता मिला। इसके अलावा खाद्य पदार्थों की पैकिंग के लिए अखबार का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसे खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत अनुमन्य नहीं बताया गया।



निरीक्षण के दौरान टीम ने यहां से खोया के दो, मिल्क केक का एक और छेना का एक, कुल चार नमूने संग्रहित किए। साफ-सफाई संबंधी कमियां मिलने पर प्रतिष्ठान को नोटिस भी जारी किया गया। इसके बाद टीम ने मोहन मावा भंडार, प्रो. मयंक जैन के यहां छापामार कार्रवाई की। यहां भंडारित मिल्क केक, पनीर और खोया के नमूने जांच के लिए लिए गए। निरीक्षण के दौरान करीब 40 किलोग्राम दूषित मिल्क केक पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठानों से संग्रहित किए गए खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे जाएंगे। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। में उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल के साथ सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय विनोद कुमार शर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस निरंजन और नागेंद्र कुमार पटेल शामिल रहे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने पर्व के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट और अस्वच्छ तरीके से खाद्य सामग्री तैयार अथवा बेचने वालों के खिलाफ जांच एवं कार्रवाई जारी रखने के संकेत दिए हैं।

ब्लैक स्पॉट्स पर रंबल स्ट्रिप, सुरक्षा ग्रिल ब्लिंकर्स व साइन बोर्ड लगाने के निर्देश

सड़क सुरक्षा पर डीएम एक्शन में, एनएचएआई अधिकारियों को फटकारा



ललितपुर । जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), लोक निर्माण विभाग, परिवहन, यातायात, नगर विकास सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटना केवल एक व्यक्ति की जान नहीं लेती, बल्कि पूरे परिवार को जीवनभर का दर्द दे जाती है। इसलिए दुर्घटनाओं की रोकथाम केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों और चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर रंबल स्ट्रिप, साइन बोर्ड, ब्लिंकर्स, सुरक्षा ग्रिल और कैमरे आदि लगाए जाएं। उन्होंने जिले के एंट्री और एक्जिट प्वाइंट्स पर लगे सामान्य कैमरों को हटाकर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ए.एन.पी.आर.) कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि आने-जाने वाले वाहनों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। उन्होंने झांसी और सागर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारिश के कारण हुए गडढों को तत्काल भरवाकर सड़क की मरम्मत कराने को कहा।

बैठक में जिलाधिकारी ने एनएचएआई सागर के अधिकारियों को अमझरा के पास राजमार्ग पर बने गडढों को लेकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि पूर्व की बैठकों में भी इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होना गंभीर लापरवाही है। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगली बैठक से पहले गडढे नहीं भरे गए तो एनएचएआई के पी डी को दंडात्मक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा। जिलाधिकारी ने अमरपुर विशिष्ट मंडी में फल-सब्जी मंडी स्थानांतरित होने के बाद बढ़े यातायात को देखते हुए इसे मेजर हॉटस्पॉट बताया। उन्होंने कहा कि झांसी और ललितपुर की ओर से आने-जाने वाले वाहनों को यूटर्न लेते समय दुर्घटना का खतरा रहता है। अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर दोनों ओर 100 मीटर के दायरे में तीन से चार संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रामनगर चौराहे को भी हॉटस्पॉट बताते हुए वहां रंबल स्ट्रिप बढ़ाने और अंडरपास निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल और खेल स्टेडियम के पास विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए बाईपास पर सुरक्षा ग्रिल लगाने को भी कहा गया। स्कूली वाहनों को लेकर डीएम ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाया जाए।

प्रत्येक स्कूली वाहन पर चालक का नाम और मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित कराया जाए। उन्होंने सड़कों पर अवैध ई-रिक्शा के संचालन पर भी रोक लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक ई-रिक्शा का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। जिले में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए डीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बांधों और जलाशयों से पानी छोड़े जाने के संबंध में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बांधों के गेट खोले जाने से पहले संबंधित पुलिस थानों और आसपास के गांवों में सूचना पहुंचाई जाए।

जैन अटा मंदिर में वात्सल्य महापर्व पर रक्षाबंधन विधान

जैन मुनियों पर उपसर्ग निवारण हेतु श्रावको ने बांधे रक्षा सूत्र

ललितपुर। आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशदसागर महाराज एवं मुनि शिवसागर महाराज के सानिध्य मे वात्सल्य पर्व रक्षाबन्धन के पूर्व जैन मंदिरों में मुनि उपसर्ग निवारण हेतु संकल्प लेते हुए रक्षा सूत्र बाधे। आज नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अटा मंदिर में मुनि श्री के सानिध्य में प्रदीप जैन शास्त्री बाहुबलीनगर के मार्गदर्शन में शुरू होगा। रातः काल से ही नगर की जैन मंदिरों में प्रभु अभिषेक शांति धारा के उपरांत श्रावकों ने मुनि उपसर्ग निवारण हेतु संकल्प लेते हुए एक दूसरे को रक्षा सूत्र बाधे और नगर की जैन मंदिरों की वंदना की। जैन परंपरा में रक्षाबंधन का संबंध केवल भाई-बहन के प्रेम से नहीं बल्कि धर्म और साधु-संस्कृति की रक्षा से भी जोड़ा जाता है। प्राचीनकाल में हस्तिनापुर में आचार्य अकम्पनाचार्य सहित 700 मुनिराजों के संघ पर घोर उपसर्ग किया गया था। इसी घटना की स्मृति में जैन समाज में रक्षाबंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा बताई जाती है। इसका भाव केवल किसी व्यक्ति की रक्षा तक



सीमित नहीं बल्कि धर्म, साधना, संयम, जीव-दया और धार्मिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प माना जाता है। जैन पंचायत के अध्यक्ष अक्षय जैन टडैया, महामंत्री आकाश जैन, मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन, सयोंजक सन्त जैन खजुरिया, अटा मंदिर प्रबंधक अजय जैन गंगचारी एवं मनोज जैन बबीना, त्यागीवृत्ति संयोजक अमित जैन सराफ, प्रतीक इमलिया आदि मौजूद रहे।

10 लीटर शराब बरामद, महिला गिरफ्तार

ललितपुर। अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने जिले में कार्रवाई तेज कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 अन्विता तिवारी ने शहर एवं आसपास के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान आबकारी टीम ने शहर क्षेत्र में अम्ब्रोसिया कॉलोनी के पास स्थित बिजली पावर हाउस के समीप अवैध कच्ची शराब की बिक्री किए जाने की सूचना पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से एक महिला को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़ी गई महिला की पहचान ग्राम मऊमाफी निवासी ऊषा पत्नी नंदकिशोर कबूतरा के रूप में हुई। आबकारी विभाग की टीम ने बरामद शराब को कब्जे में लेते हुए महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया। अवैध शराब की बिक्री एवं निर्माण पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी के नेतृत्व में टीम ने शहर एवं आसपास के विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। अभियान के दौरान अवैध शराब के संभावित अडडों पर निगरानी की गई।

मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण में अभियान

महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव के उपाए बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत पुलिस ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और साइबर सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में आयोजित अभियान में मिशन शक्ति टीमों, एंटी रोमियो टीमों तथा महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं और छात्राओं से संवाद किया। अभियान के दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, बस स्टैंडों, सार्वजनिक स्थलों और



ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, ग्राम चौपाल, बहू-बेटी सम्मेलन एवं जनसंवाद आयोजित किए गए। पुलिस टीमों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी। पुलिस ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीडन, बाल विवाह, बाल श्रम एवं महिला उत्पीडन से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता अभियान के दौरान साइबर अपराध से बचाव पर भी विशेष जोर दिया गया। पुलिस ने लोगों से फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से सावधान रहने तथा ओटीपी, बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी और अन्य निजी विवरण किसी के साथ साझा नहीं करने की अपील की। सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल करने तथा साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो टीमों ने विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद किया। टीमों ने छात्राओं को आत्मरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय बताए तथा छेड़छाड़, उत्पीडन अथवा किसी भी असामाजिक गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने लोगों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इनमें 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 1930 राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं।

आरएसएस का युवा संवादः युवा ऊर्जा को सही दिशा मिले तो राष्ट्र निर्माण को मिलेगी नई ताकत

युवाओं से अध्ययन, स्वावलंबन, कर्तव्य और वैचारिक सतर्कता को हिस्सा बनाने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से राजगढ़ के राजबाग में विगत दिवस आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं के सामने राष्ट्र निर्माण, परिवार के संस्कार, स्वावलंबन, डिजिटल दौर की चुनौतियों और सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर व्यापक वैचारिक विमर्श हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत सह कार्यवाह संतोष मीणा ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ऊर्जा है। इस ऊर्जा को सही दिशा और सकारात्मक गति मिल जाए तो युवा राष्ट्र निर्माण की मजबूत ताकत बन सकता है।

युवा की पहली योग्यता उसकी देश भक्ति है

मुख्य वक्ता ने कहा कि युवा की पहली योग्यता उसकी देशभक्ति है। अमीर या गरीब होना उसकी क्षमता का अंतिम पैमाना नहीं है। उन्होंने 'युवा' और 'वायु' का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह वायु निरंतर गतिशील रहती है, उसी तरह युवाओं में भी अपार ऊर्जा होती है। जरूरत इस ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की है। उन्होंने कहा कि युवा का पहला गुरु उसका परिवार है, जहां से उसे अनुशासन, संवेदना, निष्ठा और राष्ट्रबोध के संस्कार मिलते हैं। संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विजयादशमी उत्सव में संचलन, घर-घर संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, प्रमुख लोगों के साथ गोष्ठी और समाज के प्रमुख व्यक्तियों से संवाद जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी क्रम में देशभर में युवाओं के बीच जाकर वैचारिक संवाद स्थापित करने का अभियान चलाया जा रहा है।

वर्तमान में मनोवैज्ञानिक स्तर पर चुनौतियां हैं

उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन सूचनाएं आगे बढ़ाने से बचने की अपील की। कहा कि वर्तमान समय में वैचारिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी चुनौतियां हैं, इसलिए युवाओं को अध्ययन और विवेक के माध्यम से सही-गलत की पहचान करनी होगी। उन्होंने युवाओं से बेरोजगारी की शिकायत करने के बजाय आसपास की समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान का हिस्सा बनने का आह्वान किया। गौ-सेवा को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने, विदेश जाकर ज्ञान और व्यापार का विस्तार करने के साथ मातृभूमि के प्रति संवेदना बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार से मुक्ति की शुरुआत परिवार से करने पर भी जोर दिया गया।

युवा अधिकारों के साथ संविधान के मौलिक कर्तव्य को समझें

मुख्य अतिथि ने युवाओं से कहा कि वे अधिकारों के साथ संविधान में दिए मौलिक कर्तव्यों को भी समझें। उन्होंने कहा कि बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए गूगल पर निर्भर रहने के बजाय पुस्तकों और गंभीर अध्ययन की आदत विकसित करनी होगी। करियर का उपयोग समाज सेवा में भी किया जाना चाहिए। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। कार्यक्रम में संदेश दिया गया कि सशक्त, संस्कारित और जागरूक युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है।

इंसानियत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाया गया

ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस, अंजुमन की निगरानी में नौजवान जमात ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

शहर मुस्लिम समाज द्वारा अकीदत और आपसी भाईचारे के साथ मनाया। इस रूहानी अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ब्यावरा की सरपरस्ती में मुस्लिम नौजवान जमात द्वारा एक ऐतिहासिक व शानदार जुलूस निकाला गया। जुलूस में बुजुर्गों नौजवानों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे रास्ते नात-ए-पाक और दरूदो-सलाम की गूंज से माहौल खुशनुमा बना रहा। जुलूस के जरिए पैगंबर साहब द्वारा दिए गए अमन मोहब्बत रहमदिली और इंसानियत के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाया गया। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे इस जुलूस का जगह-जगह विभिन्न सामाजिक व स्थानीय लोगों द्वारा गर्मजोशी और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन शांति और कौमी एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में मुस्लिम नौजवान जमात के कार्यकर्ताओं ने सराहनीय योगदान दिया।

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत का मुबारक मौका

अमन और सद्भाव के रास्ते पर चलें: इकबाल हुसैन

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इक़बाल हुसैन ने सभी समाजजनों को पर्व की मुबारकबाद देते हुए कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने पूरी इंसानियत को प्रेम दया और भाईचारे का संदेश दिया है। उनके बताए असूलों और रास्ते पर चलकर ही समाज में स्थायी शांति और सौहार्द कायम रखा जा सकता है। जुलूस के सफल समापन पर मुस्लिम नौजवान जमात के सदर जावेद खान ने पुलिस प्रशासन नगर पालिका और प्रशासनिक टीम का बेहतरीन सुरक्षा व सफाई व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ जन व गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

इस मुकद्दस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती हाशिम अजहरी हाफिज शहजाद खान हाफिज महफूज आलम जामा मस्जिद कमेटी सदर सैयद मोहम्मद अली सैयद वकार अली हाजी नासिर हुसैन कुरैशी सैयद इमरान अली कल्लू भाई मंसूरी रईस खान इफ्तेखारउद्दीन भैया शादाब हुसैन कमरुद्दीन खान युनुस अहमद फिरोज लाला नवाब खान साकिब हुसैन कुरैशी इरशाद अंसारी सैयद शौकत अली अनीस खान समीर खान अनवर हुसैन भय्यू सैयद आफताब हुसैन मोहम्मद हुसैन अन्नू गौरी प्रिंस सैयद सद्दाम गद्दी इरशाद हैदर इमरान हैदर मुनव्वर बाबा नुरूद्दीन राइन राजू भाई वेल्डिंग रिजवान अंसारी सैयद अलीम शाहरुख खान अमजद मंसूरी अशफाक खान कासिम हसनैन अली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गांधी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए चयन


कानरखेड़ी की बेटी पूजा ने रचा इतिहास, नीट पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

प्रतिभा किसी बड़े शहर या सुख-सुविधाओं की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है छोटे से गांव कानरखेड़ी की होनहार बेटी पूजा गोस्वामी ने। पूजा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में शानदार सफलता हासिल करते हुए प्रतिष्ठित गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए अपना स्थान पक्का किया है। गांव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी बेटी ने यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।

मुसीबतों से लड़कर लिखी सफलता की इबारत

पूजा का यह सफर संघर्षों और प्रेरणा की मिसाल है। बचपन में ही उनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया था। माता-पिता के गुजर जाने के बाद पूजा अपने ननिहाल में ही पली-बढ़ीं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उनके नाना चिरोंजी पुरी और मामा लखन पुरी ने कभी उनका हौसला टूटने नहीं दिया। नाना और मामा ने हर मोड़ पर पूजा का संबल बनकर उनकी पढ़ाई को निरंतर जारी रखा। पूजा ने भी उनके विश्वास को टूटने नहीं दिया और अपनी अटूट लगन व अनुशासन से यह मुकाम हासिल कर अपने ननिहाल, समाज और समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया।



गांव में जश्न, बधाई देने वालों का तांता

जैसे ही पूजा का चयन पत्र घर पहुंचा, पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल बन गया। ग्रामीण और समाज के गणमान्य लोग पूजा के घर पहुंचकर उन्हें, उनके नाना और मामा को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूजा की इस सफलता ने गांव के अन्य बच्चों और बेटियों को विपरीत परिस्थितियों में भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की एक नई राह दिखाई है। सीमित संसाधनों और मुश्किलों के बीच पाई गई यह कामयाबी पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

कक्ष 24 घंटे खुला रहेगा, कर्मचारियों की चार पालियों में ड्यूटी लगाई गई

बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ताला, आदेश के बावजूद 24 घंटे ड्यूटी पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

राजगढ़ जिले में मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी के बीच प्रशासन ने बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद सारंगपुर में बाढ़ नियंत्रण कक्ष में ताला लगा मिलने से प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। तहसीलदार परगना सारंगपुर द्वारा 17 अगस्त 2026 को जारी संशोधित आदेश में आगामी वर्षाकाल को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की चार पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। आदेश के अनुसार पहली पाली सुबह 6 से दोपहर 12 बजे, दूसरी दोपहर 12 से शाम 6 बजे, तीसरी शाम 6 से रात 12 बजे तथा चैथी पाली रात 12 से सुबह 6 बजे तक रहेगी।



कर्मचारियों को बाढ़ नियंत्रण कक्ष में अपने नाम के सामने दर्शाए समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे खुला रहेगा तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी बाढ़ एवं अन्य आपदा संबंधी सूचनाएं प्राप्त होने पर तत्काल प्रभारी अधिकारी को अवगत कराएंगे। कर्मचारियों को ड्यूटी समाप्त होने के बाद रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं, आदेश में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कर्मचारी अनुपस्थित मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बुधवार को हमारे संवाददाता ने दोपहर 3 बजे तहसील परिसर में स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया तो कक्ष में ताला लगा मिलना प्रशासन के आदेशों की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करता है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस लापरवाही पर क्या कार्रवाई करते हैं।

इनका कहना है...

हां बाढ़ नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे खुला रखने का निर्देश हैं लेकिन पानी नहीं गिरने के कारण कोई कार्यालय में उपस्थित नहीं होगा, फिर भी में दिखवाता हूं।

रणधीर सिंह मीणा
कार्यपालिका मजिस्ट्रेट सारंगपुर

रक्षाबंधन से पहले बाजारों में बढ़ी रौनक, जमकर की गई खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर

रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बुधवार को सुबह से ही बाजारों में माताओं और बहनों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने रक्षाबंधन की तैयारियों को लेकर कपड़ों, राखी, गोला-नारियल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। राखी की दुकानों पर रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की खूब मांग रही। वहीं कपड़ों, मिठाई और अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही। त्योहार के चलते बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे। रक्षाबंधन से पहले पूरा बाजार गुलजार नजर आया।

समागम सम्मान से नवाजे गए साहित्यकार संजय सक्सेना



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

जिले के साहित्यकार संजय सक्सेना को भोपाल में आयोजित समारोह में समागम सम्मान से सम्मानित किया गया। बुधवार को इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिष्ठित संस्था लोक प्रकाशन ने भोपाल हाट स्थित सभागार में किया था। लोक प्रकाशन विगत 26 वर्षों से शोध एवं संदर्भ आधारित प्रकाशन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर 'समागम' का प्रकाशन कर रही है। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं वर्तमान में मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा रहे। समारोह में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर संजय द्विवेदी, हिंदी साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चैबे, अधिवक्ता सुश्री गुंजन चौकसे, वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता, साहित्यकार मनोज कुमार सहित भोपाल के अनेक वरिष्ठ साहित्यकार, रंगकर्मी एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल





मंदसौर। आम आदमी की कमर तोड़ती महंगाई और सरकार की नीतियों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंदसौर शहर और मंदसौर ग्रामीण के नेतृत्व में एक विशाल प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। जनता की आवाज को बुलंद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर गांधी चौराहे से लेकर बीपीएल चौराहा (मिश्रीलाल पेट्रोल पंप) तक एक विशाल पैदल मार्च निकाला। इस दौरान मुख्य रूप से आम आदमी की पहुँच से दूर होती महंगी शक्कर, ए-20 पेट्रोल की आसमान छूती कीमतें व उसमें हो रही मिलावट, डसने वाले बेतहाशा बिजली बिल और रसोई का बजट बिगाड़ने वाले महंगे गैस सिलेंडर जैसे जनहित के गंभीर मुद्दों पर सरकार को जमकर घेरा गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक विपिन जैन ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पूंजीपतियों की सरकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सरकार को आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है और इसकी सभी नीतियां केवल चंद धनकुबेरों को फायदा पहुंचाने के लिए ही बनाई जा रही हैं। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर पूरी तरह से तोड़ दी है और यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक आम आदमी को राहत नहीं मिल जाती। पैदल मार्च के समापन के पश्चात जब प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का समय आया, तब ज्ञापन लेने के लिए तहसीलदार समय पर उपस्थित नहीं हुए। उनके देरी से पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के इस रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई और अपना कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के चरणों में रख दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक नवकृष्णा पाटिल, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजेश रघुवंशी, संगठन मंत्री अजय लोडा, जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष विकास दशोरा, कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला कांग्रेस महामंत्री आदित्य पाटिल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी सत्रहवाला, प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री रूपल संचेती, सेवा दल अध्यक्ष दिलीप देवड़ा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बसंती लाल सोलंकी, जिला कांग्रेस महामंत्री सुरेंद्र कुमावत, जिला कांग्रेस महामंत्री अजय मारु, मंदसौर शहर और मंदसौर ग्रामीण मंडल अध्यक्षगण सहित आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

दीक्षारंभ-2026 में विद्यार्थियों को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

विश्वविद्यालय में गूंजा सफलता का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭मंदसौर

मंदसौर विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए 18 से 25 अगस्त 2026 तक आयोजित सात दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम दीक्षारंभ-2026 का समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक जीवन, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास तथा जीवन के लक्ष्यों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव आर. ठाकुर ने विद्यार्थियों को जीवन में 360 डिग्री विकास का महत्व बताते हुए शिक्षा के साथ कौशल, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि ध्रुव कांत ठाकुर (आईपीएस), महानिदेशक होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट डॉ. रीता गंगवानी ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने और सशक्त व्यक्तित्व निर्माण के महत्वपूर्ण सूत्र बताए।

सात दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. सुब्रत कुमार (सीईओ, पीपल लैब्स), विकास चौधरी (हेड-जेडीसी इंदौर, टीसीएस) एवं मनीष मेहरा (प्रोग्राम मैनेजर, टीसीएस) ने प्रतिस्पर्धी माहौल में लक्ष्य निर्धारण, करियर योजना और आधुनिक कौशल विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रियंक चेलवत ने सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया। इसी क्रम में गौरव गोयल (सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, इंदौर) ने स्टार्टअप, उद्यमिता और एमएसएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. शशी गांधी, (डीन सुंदरलाल पटवा शासकीय मेडिकल कॉलेज, मंदसौर) ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया। वहीं नरेंद्र कारपे (इप्का लेबोरेटरीज) ने कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं और करियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशलों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के विशेष एल्युमनाई सत्र में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र ऋषभ पाटीदार, रानी डामोर, पवन पाटीदार, अर्जुन मालवीय, श्याम पोरवाल एवं रजत श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उद्योग जगत की चुनौतियों और कैंपस से कॉर्पोरेट जीवन तक के सफर के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।




जहां था जंगल, आज गूंजती आस्था, अंजनीलाल धाम साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

कभी घने जंगल, कंटीली झाड़ियों और दुर्गम रास्तों के बीच एक छोटे से चबूतरे पर विराजमान भगवान श्री अंजनीलाल जी का स्थान आज श्रद्धा, सेवा और संकल्प के भव्य केंद्र श्री अंजनीलाल धाम के रूप में पहचान बना चुका है। करीब 52 वर्ष पहले कुछ युवाओं ने जिस निर्जन स्थल पर सेवा का संकल्प लिया था, वह संकल्प आज एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक केंद्र का स्वरूप ले चुका है। वर्ष 1972-73 में कुछ युवाओं ने खुले आसमान के नीचे विराजमान भगवान श्री अंजनीलाल जी की प्रतिमा के लिए छाया की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। करीब 1500 रुपये की लागत से प्रस्तावित टीन शेड के लिए युवाओं ने आपसी सहयोग और जनसहयोग से राशि जुटाई। एक छोटे से प्रयास से शुरू हुई यह यात्रा आगे चलकर मंदिर के निरंतर विकास की आधारशिला बनी। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और श्रद्धालुओं के सहयोग से युवाओं ने मंदिर समिति का गठन किया। समिति के सदस्यों ने स्वयं श्रमदान किया और जनसहयोग से विकास कार्यों को गति दी। दान राशि के पारदर्शी उपयोग और सेवा भावना ने समाज में विश्वास कायम किया और धीरे-धीरे इस स्थान का स्वरूप बदलता चला गया।





आज यहां मकराना मार्बल से निर्मित भव्य श्री अंजनीलाल मंदिर, विशाल शिवालय, दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्री राम-जानकी मंदिर, विशाल सभा भवन, आरोग्य भवन, यज्ञशाला, सुंदर पार्क, कार्यालय भवन और विशाल मंदिर द्वार श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। स्वच्छ एवं सुंदर परिसर और अजनार नदी के तट का प्राकृतिक परिवेश इस धाम की सुंदरता को और बढ़ाता है।

एक परंपरा, जो बनी आध्यात्मिक पहचान प्रवचन से महोत्सवों तक बढ़ता रहा कारवां

वर्ष 1974 की चैत्र नवरात्रि में मंदिर पर कलशारोहण के साथ प्रवचन परंपरा की शुरुआत हुई। समय के साथ यहां नवरात्रि महोत्सव, हनुमान जयंती, शरद पूर्णिमा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होने लगे। संत-महात्माओं और विद्वानों के प्रवचनों ने इस धाम की आध्यात्मिक पहचान को और मजबूत किया। श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री कैलाश गुप्ता टाटा के अनुसार, मंदिर निर्माण और विकास की लंबी यात्रा के बाद अब ट्रस्ट सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों को विस्तार देने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है।

युवाओं के संकल्प से बनी सेवा की मिसाल

पांच दशक से अधिक समय पहले एक छोटे से चबूतरे से सेवा की शुरुआत करने वाले युवाओं का समर्पण आज ब्यावरा के लिए प्रेरणा बन चुका है। तत्कालीन समिति के सदस्यों, वरिष्ठजनों और श्रद्धालुओं के निरंतर सहयोग से यह धाम समय के साथ विकसित होता गया। श्री अंजनीलाल धाम आज केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता का जीवंत केंद्र है। एक छोटे से चबूतरे से शुरू हुई यह यात्रा बताती है कि जब आस्था के साथ संकल्प, सेवा और जनसहयोग जुड़ते हैं, तो वीरान स्थल भी भव्य आस्था के धाम में बदल सकता है।



बड़वाले घाट पर श्रावणी उपाकर्म किया गया

विदिशा। मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा बड़वाले घाट पर श्रावणी उपाकर्म किया गया है जिसमें 10 विधि स्नान पंच गव्य पान संध्या तर्पण पंचांग पीठ पूजन इसके उपरांत ब्रह्म यज्ञ तथा यज्ञोऊ पवित्र को अभिमंत्रित करके धारण किया जाता है जिस वर्ष भर में हुए दोष का प्रायश्चित किया जाता है यह विप्रो का सबसे बड़ा पर्व है इस अवसर पर मध्य प्रदेश पार्टी पुजारी महासभा के अध्यक्ष पंडित संजय पुरोहित पंडित नारायण प्रसाद शर्मा राम लखन भार्गव संजय शास्त्री दीपक भार्गव उपेंद्र रामायणी हेमंत शर्मा राजू शर्मा आदि ब्रह्म शामिल हुए पंडित संजय पुरोहित के आचार्य में पूरा कार्यक्रम विधि संपन्न हुआ।